**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 शुक्रवार** **दिनांक 21.06.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर से समारोह का नेतृत्व किया–कहा कि दुनिया भर में योग अपनाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

2– छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया–राज्य के अन्य जिलों में भी हुए योगाभ्यास के कार्यक्रम।

3– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक इनामी सहित नौ माओवादियों को किया गिरफ्तार।

**और**

4– भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी अजय सिंह को छत्तीसगढ़ का नया राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाया गया।

**योग दिवस–01**

दुनिया भर में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। देश में मुख्य समारोह जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर से समारोह का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री योग सत्र में शामिल हुए। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भर में योग अपनाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और इसकी उपयोगिता को भी लोग पहचान रहे हैं।

पिछले 10 वर्षों में योग के विस्तार पर, प्रधानमंत्री ने एक नई योग अर्थव्यवस्था के बारे में बात की और योग पर्यटन के प्रति बढ़ते आकर्षण और लोगों की योग सीखने के लिए भारत आने की इच्छा का उल्लेख किया।

इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय है – 'स्वयं और समाज के लिए योग'। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक कल्याण के एक शक्तिशाली तंत्र के रूप में देख रही है। योगलाभ की समग्रता और अधिक बढाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी ग्राम प्रधानों को पत्र लिखकर जमीनी स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रचार–प्रसार को बढावा देने का आवाह्न किया।

**योग दिवस–02**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन आज राजभवन मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग शिविर मे शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है जो अब वैश्विक संस्कृति का हिस्सा बन गई है। योग के माध्यम से देश–विदेश के योगी एक–दूसरे से जुड़ रहे हैं और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दे रहे हैं। कार्यक्रम में योग आयोग से आए हुए प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में राजभवन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने हजारों लोगों के साथ सामूहिक योग किया और स्वस्थ जीवन–शैली के लिए नियमित योगाभ्यास करने का संदेश लोगों को दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है, वह उद्देश्य आज सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि योग का प्रचार और प्रसार आज पूरी दुनिया में हो रहा है। भारत में भी इसे लेकर अद्भुत जागरूकता आई है। इस अवसर पर महिला और बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आज हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं और यह तभी संभव हो पाया है जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वसुधैव कुटुंबकम के भाव को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने सहमति दी है।

**योग दिवस–03**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज कोरबा जिले के सीएसईबी मैदान में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। श्री साव के साथ कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने भी योग किया।

वहीं, दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। श्री शर्मा के साथ विधायक गजेन्द्र यादव ने भी योगाभ्यास किया। वहीं, जगदलपुर शहर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे और शहरवासियों के साथ योगाभ्यास किया। इधर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के सभी जिलों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सांसद, मंत्री, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही नागरिक शामिल हुए और योगाभ्यास किया।

**माओवादी–गिरफ्तार**

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक इनामी सहित नौ माओवादियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इन माओवादियों की गिरफ्तारी बासागुड़ा, उसूर और तर्रेम क्षेत्र में अलग–अलग कार्रवाई के दौरान की गई है। इनमें से एक माओवादी पर एक लाख रूपए का इनाम घोषित था। गिरफ्तार इनामी माओवादी को उसूर एलओएस का सदस्य बताया जा रहा है। इन माओवादियों पर पुलिस पार्टी पर फायरिंग, आईईडी लगाने, रोड काटने और पाम्पलेट लगाने जैसी विभिन्न घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

**अजय सिंह–राज्य निर्वाचन आयुक्त**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी अजय सिंह को छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग का नया राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। श्री सिंह उन्नीस सौ तिरासी बैच के आईएएस अधिकारी रह चुके हैं।

**संगीत विश्वविद्यालय–कुलपति**

खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति मोक्षदा चंद्राकर को पद से हटा दिया गया है। इस संबंध में राजभवन से पत्र जारी कर दिया गया है। संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में नये कुलपति की नियुक्ति होने तक दुर्ग के संभागायुक्त को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कुलपति का दायित्व सौंपा गया है। गौरतलब है कि मोक्षदा चंद्राकर को वर्ष दो हजार बीस में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया था।

**तबादला**

राज्य सरकार ने आज भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार वाणिज्यिक कर जीएसटी आयुक्त और प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के संचालक रजत बंसल को मनरेगा आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, राज्य पाठ्यपुस्तक निगम के प्रबंध संचालक और खाद्य तथा औषधि प्रशासन के नियंत्रक कुलदीप शर्मा को सहकारी संस्था के रजिस्ट्रार का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन रायपुर की मिशन संचालक नम्रता जैन को जिला पंचायत सुकमा का नया मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**रेलवे–माल लदान**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारतीय रेलवे का दूसरा सबसे अधिक माल लदान करने वाला जोन है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने दो सौ छत्तीस मिलियन टन माल लदान किया है, जो पहले की तुलना में दस प्रतिशत अधिक है। बिलासपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में रेलवे के महत्वपूर्ण स्टेशनों से आठ जोड़ी नई यात्री ट्रेनें शुरू की गई हैं। वहीं, छह जोड़ी ट्रेनों का विस्तार भी किया गया है।

**रामगढ़ महोत्सव**

सरगुजा में दो दिवसीय "रामगढ़ महोत्सव" का आयोजन कल बाईस जून से किया जाएगा। आषाढ़ महीने की शुरूआत में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरगुजा में उदयपुर के रामगढ़ स्थित विश्व की प्राचीनतम नाट्य शाला स्थल पर दो दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। महोत्सव का शुभारंभ सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के

सांसद चिंतामणी महाराज करेंगे। वहीं, 23 जून को समापन समारोह की मुख्य अतिथि महिला और बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े होंगी।

## करंट–मौत

राजनांदगांव जिले के ग्राम बांकल में करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को आंधी–तूफान में बिजली खंभे की तार टूटकर गिर गई थी। टूटे तार की चपेट में आने से बच्चें की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य घटना में करंट लगने से चार मवेशियों की भी मौत हो गई। ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य के साथ पुलिस को लिखित शिकायत कर विद्युत कंपनी के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। उधर, जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में भी करंट की चपेट में आने से पांच मवेशियों की मौत हो गई।

## बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **एक जुलाई से प्रभावी होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों पर सहायक अभियोजन अधिकारी शुभम तोमर से** ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। इस कार्यक्रम की पहली कड़ी आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल बाईस जून को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगी। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## आकाशवाणी समाचार–सर्वेक्षण

आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांडों में से एक माना गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म, के हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण में, देश के मीडिया जगत में आकाशवाणी समाचार की श्रेष्ठता की पुष्टि की गई है। डिजिटल न्यूज रिपोर्ट दो हजार चौबीस के हिस्से के रूप में जारी, इस वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार आकाशवाणी समाचार विष्वसनीयता के पैमाने पर देश के अन्य प्रमुख मीडिया संस्थानों की तुलना में काफी आगे है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि यह सभी परिस्थितियों में सच्ची और प्रमाणित खबरें प्रसारित करने की आकाशवाणी समाचार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## मौसम

प्रदेश में सरगुजा संभाग को छोड़कर शेष सभी संभागों में मानसून प्रभावी हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार तेईस से पच्चीस जून तक वर्षा की गतिविधि में थोड़ी कमी आ सकती है। इसके बाद एक बार फिर बारिश का सिलसिला शुरू होगा। इससे पहले, कल कवर्धा, राजनांदगांव, गरियाबंद और रायपुर में मानसून पूर्व बारिश के बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी में पचपन करोड़ रुपए के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक अजय चंद्राकर और सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार भी मौजूद थे।

– राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज सेवक कबीर पंथ दामाखेड़ा के महंत लीलाधर दास ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को कबीर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया।

– आरंग में कथित रूप से गौ–तस्करी कर रहे तीन युवकों के साथ मारपीट की घटना के विरोध में आज शाम रायपुर के सुभाष स्टेडियम के पास एक समुदाय विशेष के लोगों ने प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि इस घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, घायल तीसरे युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

– सक्ती जिले के गढ़वा गांव में ट्रैक्टर का इंजन पलटने से एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>